आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-209 ● कटनी ● बुधवार, 1 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## डेढ़ साल बाद लौटी स्कूलों में रौनक

राजधानी में करीब डेढ़ साल बाद मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त छठवी से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुई।

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

## सिब्बल के घर G-23 गुट की बैठक, पीके के पार्टी में शामिल होने की अटकलों से कई नेता नाराज



**नई दिल्ली।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि वे जल्द ही कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ले सकते हैं। लेकिन इस बीच पार्टी के कुछ ऐसे नेता भी हैं जो प्रशांत किशोर को कांग्रेस में शामिल करने के सख्त खिलाफ हैं।चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि वे जल्द ही कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ले सकते हैं। लेकिन इस बीच पार्टी के कुछ ऐसे नेता भी हैं जो प्रशांत किशोर को कांग्रेस में शामिल करने के सख्त खिलाफ हैं। जानकारी के मुताबिक, जन्माष्टमी के दिन कपिल सिब्बल के घर पर एक अहम बैठक हुई थी। इस बैठक में कांग्रेस के जी-23 ग्रुप के नेता शामिल हुए थे। इनमें से अधिकतर नेता प्रशांत किशोर को कांग्रेस में शामिल करने के पक्ष में नहीं हैं। हो सकता है कि ये सभी नेता प्रशांत किशोर का खुलकर विरोध करें। इस ग्रुप के नेता चुनाव से जुड़े अहम फैसले लेने के लिए आउटसोर्सिंग से निराश हैं। हालांकि कुछ नेता प्रशांत किशोर के समर्थन में भी दिखे। सूत्रों के अनुसार बैठक के दौरान कुछ नेताओं ने विरोध जताते हुए कहा कि कांग्रेस 135 साल पुरानी संस्था है न कि कोई स्टार्ट-अप है जहां कोई फैंसी विचारों के साथ आए और उसे शामिल कर लिया जाए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, एम.के. स्टालिन या मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के बिना उनकी रणनीति नहीं चल पाएगी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उनकी प्रभावशीलता देखी है जो फेल थी। सूत्रों के अनुसार सोमवार को जी-23 नेताओं ने कपिल सिब्बल के घर पर बैठक की और प्रशांत किशोर को महासचिव पद पर नियुक्त करने के पार्टी के फैसले को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में कपिल सिब्बल के अलावा गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, शशि थरूर, मनीष तिवारी, भूपिंदर सिंह हुड्डा समेत कई नेता मौजूद थे।

## गैस ने बिगाड़ा रसोई का बजट




**नई दिल्ली।** हर महीने एलपीजी सिलिंडर के दामों की समीक्षा होती है। हर राज्य में टैक्स अलग-अलग होता है और इसके हिसाब से एलपीजी के दामों में अंतर होता है। देश की ऑइल मार्केटिंग कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी रसोई गैस सिलिंडर की कीमतों में 25 रुपये का इजाफा किया है। वहीं 19 किलोग्राम कमर्शियल गैस सिलिंडर के दाम में 75 रुपये का इजाफा हुआ है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाला गैर-सब्सिडी एलपीजी सिलिंडर 859.50 रुपये से बढ़कर 884.5 रुपये का हो गया है। कोलकाता में इसका दाम 886 से बढ़कर 911 रुपये का हो गया है, मुंबई में यह 859.50 रुपये से बढ़कर 884.5 रुपये और चेन्नई में 875.50 रुपये से बढ़कर 900.5 रुपये का हो गया है। दिल्ली में अब कॉमर्शियल सिलिंडर का दाम बढ़कर 1693 रुपये हो गया है। कोलकाता में इसका दाम 1,772 रुपये, मुंबई में 1,649 रुपये और चेन्नई में यह 1,831 रुपये का हो गया है। हाल ही में देश में दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के लोगों को सीएनजी और पीएनजी की बढ़ी कीमतों ने झटका दे दिया था। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सीएनजी की कीमतों में वृद्धि की। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अब सीएनजी की कीमत 45.20 रुपये प्रति किलोग्राम तो वहीं पीएनजी की कीमत 30.91 रुपये प्रति एससीएम है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में, सीएनजी की कीमत 50.90 रुपये प्रति किलोग्राम तो पीएनजी की कीमत 30.86 रुपये प्रति एससीएम है।

### राहुल गांधी ने कसा तंज

मोदी सरकार पर तंज कसते हुए राहुल गांधी ने कहा कि, जनता को भूखे पेट सोने पर मजबूर करने वाला खुद मित्र-छाया में सो रहा हैज लेकिन अन्याय के खिलाफ देश एकजुट हो रहा है।

## गोल नही, चौकोर पापड़ पर जीएसटी लगेगा!



**नई दिल्ली।** उद्योगपति हर्ष गोयनका के गोल पापड़ जीएसटी मुक्त है और चौकोर पापड़ नहींवाले ट्वीट पर अब कर निकाय सीबीआईसी ने सफाई दी है। सीबीआईसी ने गोयनका के ट्वीट का जवाब देते हुए कहा कि पापड़ किसी भी आकार का हो उसे जीएसटी से मुक्त रखा गया है। यह नोटिफिकेशन हमारे वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### जानिए क्या है मामला

दरअसल, उद्योगपति हर्ष गोयनका ने मंगलवार को एक ट्वीट कर कहा था कि, क्या आप जानते हैं कि गोल पापड़ को जीएसटी से मुक्त रखा गया है, जबकि चौकोर पापड़ पर जीएसटी लगता है क्या कोई किसी अच्छे चार्टर्ड एकाउंटेंट का नाम सुझा सकता है जिससे मैं इसका तर्क समझ सकूं

### सीबीआईसी ने दिया ये जवाब

हर्ष गोयनका के ट्वीट पर जवाब देते हुए सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेज ऐंड कस्टम्स (CBIC) ने कहा कि पापड़ चाहे किसी भी आकार में क्यों न हो उसे नोटिफिकेशन संख्या 2/2017-CT(R) के तहत जीएसटी से मुक्त रखा गया है। यह नोटिफिकेशन हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले ही गुजरात के अथॉरिटी ऑफ एडवांस रूलिंग्स ने भी अपने एक आदेश में यह साफ किया था कि पापड़ चाहे किसी भी आकार और रूप में हो, उस पर जीएसटी नहीं लगेगा। इसके अलावा लस्सी के मामले में भी गुजरात की एडवांस रूलिंग अथॉरिटी (एएआर) ने फैसला सुनाया था कि लस्सी पर माल और सेवा कर नहीं लगेगा। लेकिन फ्लेवर्ड मिल्क पर ग्राहकों से 12 फीसदी का टैक्स वसूला जाएगा।

## दिल्ली और मुंबई समेत पूरे देश में बारिश, कई सड़के जाम

# देश की राजधानी जलमग्न



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे देश में बारिश का सिलसिला जारी लगातार है। तेज बारिश से दिल्ली वालों को जहां भीषण गर्मी से राहत जरूर मिली है लेकिन उनको जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मुंबई में भी कई सड़कें डूब गईं और यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। इसके अलावा गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी लोग भारी बारिश से परेशान हैं। कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। दिल्ली में बुधवार को सुबह भारी बारिश होने से निचले इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया और शहर के कई हिस्सों में यातायात बाधित हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने बताया कि सफदरजंग वेधशाला में बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक, बीते 24 घंटों में 112.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई जो 12 वर्षों में सबसे अधिक है। इससे पहले 2010 में राजधानी में 20 सितंबर को 110 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। लोधी रोड, रिज, पालम तथा आयानगर वेधशालाओं ने सुबह साढ़े आठ बजे तक, बीते 24 घंटों में क्रमश- 120.2 मिमी, 81.6 मिमी, 71.1 मिमी और 68.2 मिमी बारिश दर्ज की। दिल्ली में मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर ढाई बजे तक महज छह घंटों में 84 मिमी बारिश हुई जिससे सड़कों पर जलभराव हो गया और आईटीओ, आईपी एस्टेट पुल के पास रिंग रोड, धौला कुआं और रोहतक रोड पर भारी यातायात जाम लग गया। दिल्ली यातायात पुलिस ने भारी जलभराव के कारण प्रताप नगर की ओर जाने वाले आजाद मार्केट सबवे पर यातायात बाधित होने का परामर्श जारी किया है। इसी तरह मुंबई में भी भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त है।

## करंट लगने से तीन बच्चों समेत पांच की मौत



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में बड़ा हादसा हुआ है। करंट की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत हो गई है। इनमें दो बच्चों और महिलाएं भी शामिल हैं। जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के सिहानी गेट के राकेश मार्ग पर गली नंबर-3 के सामने छह लोग करंट की चपेट में आ गए। जिला अस्पताल ले जाने पर दो बच्चों और महिला को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि तीन की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान एक युवक और बच्ची ने दम तोड़ दिया। अभी एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना बुधवार सुबह करीब 10 बजे की है। बताया जा रहा है कि बारिश के बाद राकेश मार्ग पर गली नंबर-3 के सामने एक दुकान के बल्ब का होल्डर लटका हुआ था। उससे दुकान के टिन शेड में करंट उतर आया। दुकान पर सामान लेने गई दो बच्ची करंट की चपेट में आ गईं। उन्हें बचाने के लिए पड़ोसी और फिर बच्चों की मां दौड़ पड़ी तो वह भी करंट की चपेट में आ गईं। इसके अलावा एक पड़ोस की किशोरी भी करंट की चपेट में आ गई। करीब 10 मिनट तक एक ही स्थान पर सभी को तड़पता देख लोगों को करंट का एहसास हुआ, जिसके बाद आनन-फानन बिजली सप्लाई बंद कराकर सभी को अस्पताल ले जाया गया।

## एएसआइ 30 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया!

**धार, सरदारपुर।** लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने आज कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना राजोद के एएसआइ किशोरसिंह टांक को ग्राम संदला के बस स्टैंड से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एएसआइ किशोरसिंह टांक ने मामूली विवाद को लेकर फरियादी परमानन्द दय्या निवासी लाबरिया से 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। आज करीब 11 बजे ग्राम संदला स्थित बस स्टैंड पर रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त पुलिस ने एएसआई को धर दबोचा फिर सरदारपुर पहुंची है।

## डेल्टा से भी खतरनाक वायरस की आहट



**नई दिल्ली।** कोरोना के नए वैरिएंट सी.1.2 ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की चिंता बढ़ा दी है। डेल्टा से भी ज्यादा संक्रामक इस वैरिएंट पर डब्लूएचओ की तकनीकि प्रमुख डॉ. मारिया वॉन ने ट्वीट करके कहा है कि सी.1.2 के बारे में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन लगातार दक्षिणी अफ्रीका के शोधकर्ताओं से संपर्क साधे हुए है और कोविड-19 महामारी के दौरान उनके शोधों पर चर्चा कर रहा है। आगे कहा कि हम दक्षिण अफ्रीका के शोधकर्ताओं को धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने सबसे पहले सी.1.2 के बारे में स्वास्थ्य संगठन को जानकारी दी और अपनी शोध को भी साझा किया।

### 100 से ज्यादा मामले आए सामने

डब्लूएचओ का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका में 21 मई को इस वैरिएंट का पहला मामला सामने आने के बाद दुनिया भर में अब तक इस वैरिएंट के 100 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। डब्ल्यूएचओ की तकनीकि प्रमुख का कहना है कि हमें इस नए वैरिएंट के और भी सीक्वेंस के बारे में पता करने की आवश्यकता है। क्योंकि, अभी तक डेल्टा वैरिएंट ही सबसे ज्यादा संक्रामक प्रतीत हो रहा है।

## क्विक अपडेट



### पायल रोहतगी पर एफआईआर, गांधी, नेहरू पर की थी टिप्पणी

**पुणे।** अभिनेत्री पायल रोहतगी पर पुणे में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के कारण एक केस दर्ज किया गया है। दरअसल एक वीडियो में पायल रोहतगी ने इन लोगों के बारे में आपत्तिनजक शब्दों का इस्तेमाल किया था जिसके चलते उन पर सेक्शन 153 a, 500, 505(2) और 34 आईपीसी की धारा के तहत केस दर्ज किया गया है।

## बेटे ने की थी माता-पिता नानी व बहन की हत्या



**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक में चार लोगों की हत्या का राज बुधवार को खुल गया। रोहतक के विजय नगर में छह दिन पहले परिवार के चार लोगों की हत्या प्रॉपर्टी डीलर बबलू पहलवान के बेटे 20 वर्षीय अभिषेक उर्फ मोनू ने ही की थी। पिता प्रदीप मलिक उर्फ बबलू पहलवान (45), मां बबली (40) व घर आई नानी रोशनी (60) निवासी सांपला व बहन 19 वर्षीय नेहा उर्फ तमन्ना के सिर में गोली मारी गई थी। हत्या करके होटल में अपने दोस्त के पास पहुंचा, वहां से खाना खाने ढाबे पर चला गया। पुलिस ने वारदात के पीछे प्रॉपर्टी विवाद भी एक वजह बताई है। अमर उजाला ने वारदात के पहले दिन ही प्रॉपर्टी विवाद की आशंका व्यक्त की थी। बुधवार को अपने कार्यालय में पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि जिस तरह से वारदात अंजाम दी गई, उससे लग रहा था कि किसी करीबी व्यक्ति ने ही परिवार के चार लोगों की हत्या की है। शक के दायरे में आए लोगों में प्रॉपर्टी डीलर का 20 वर्षीय बेटा अभिषेक उर्फ मोनू भी था। उससे सख्ती से पूछताछ की तो पता चला कि वह अपने पिता से नाराज चल रहा था। साथ ही वित्तीय वजह भी सामने आई है।

## कश्मीर पर तालिबान ने दिया पाकिस्तान को जोर का झटका



**काबुल।** मंगलवार को अमेरिकी सैनिकों की पूर्ण वापसी के बाद से अफगानिस्तान में जश्न का माहौल है। तालिबानी नेताओं ने इस मौके पर 20 साल के युद्ध के अंत को चिह्नित करते हुए कई राउंड फायरिंग भी की। इन नेताओं का कहना है कि इस विजय ने इस्लामी समूह को 2001 की तुलना में और मजबूत बना दिया है और अब हम एक नई समावेशी सरकार बनाने की तैयारी शुरू करेंगे। इसके अलावा तालिबानी नेताओं ने भारत के मुद्दे पर भी जवाब दिया। निजी समाचार चैनल सीएनएन-न्यूज18 को दिए साक्षात्कार में तालिबान के शीर्ष नेता अनस हक्कानी ने हक्कानी नेटवर्क के पाकिस्तान कनेक्शन, भारत के साथ उनके संबंधों और कश्मीर मुद्दे पर विस्तार से बात की। कश्मीर मसले पर पाकिस्तान के साथ आने को लेकर जब हक्कानी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि कश्मीर हमारे अधिकार क्षेत्र का हिस्सा नहीं है और हस्तक्षेप नीति के खिलाफ है। हमारी नीति के अनुसार हम दूसरे देशों के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं और हम उम्मीद करते हैं कि दूसरे भी हमारे मामले में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। हम चाहते हैं कि सभी मामलों को सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाया जाए। हमारे दरवाजे सबके लिए खुले हैं। हम बाकी दुनिया के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं।

### हम भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं- हक्कानी

हक्कानी ने कहा कि हम भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। हम नहीं चाहते कि कोई हमारे बारे में गलत सोचे। भारत ने हमारे दुश्मन की बीस साल से मदद की है लेकिन हम सब कुछ भूलकर रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

## सतना से शहडोल जा रही बस पलटी, 12 यात्री घायल



**सतना।** सतना से शहडोल जा रही बस कोलगवां थाना अंतर्गत सतना-मैहर बायपास पर उतैली के समीप पलट गई। बस में सवार 12 यात्री घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में एक बाइक चालक भी घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार सतना बस स्टैंड से सुबह 8.55 बजे शहडोल के लिए रवाना हुई बस सवा नौ बजे कोलगवां थाना क्षेत्र में उतैली के समीप दुर्घटना का शिकार हो गई। बस सड़क से उतरकर पलट गई। पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## कांग्रेस के प्रभारी हरीश रावत ने मांगी माफी

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस के प्रभारी हरीश रावत ने अपने पंज प्यारे वाले बयान पर माफी मांग ली है। रावत ने मंगलवार को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिद्धू और कार्यकारी अध्यक्षों के लिए पंज प्यारे शब्द का इस्तेमाल किया था। जिसके बाद विवाद और तेज हो गया था। विपक्षी दलों ने रावत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। अकाली दल ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में रावत के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग तक कर डाली है। विवाद को बढ़ता देख बुधवार को रावत अपने बयान को लेकर माफी मांगते हुए कहा है कि उन्होंने गलती की है।




## भारत में 30 लाख व्हाट्सएप अकाउंट पर लगा बैन



**नई दिल्ली।** भारत में करीब 55 करोड़ लोग व्हाट्सएप का इस्तेमाल करते हैं। अन्य कंपनियों की तरह व्हाटसएप पर भी भारत सरकार का नया आईटी कानून लागू हुआ है। इस कानून के तहत तमाम सोशल मीडिया कंपनियों को हर महीने यूजर सेफ्टी रिपोर्ट सरकार को देनी है। अब व्हाट्सएप ने अपना मासिक यूजर सेफ्टी रिपोर्ट जारी किया है जिसमें बताया गया है कि इस साल जून-जुलाई के बीच तीन मिलियन यानी 30 लाख से अधिक व्हाट्सएप अकाउंट बैन हुए हैं। आइए जानते हैं कि आखिर इतने सारे अकाउंट पर यह कार्रवाई क्यों हुई है? व्हाट्सएप ने कहा है कि यह कार्रवाई ऑनलाइन स्पैम और अब्यूज को लेकर की गई है, ताकि प्लेटफॉर्म को सुरक्षित और स्पैम फ्री रखा जा सके। जून से लेकर जुलाई 2021 के बीच करीब 30 लाख 27 हजार अकाउंट बैन हुए हैं। इन अकाउंट्स पर कार्रवाई शिकायत अधिकारी को मिली शिकायतों के बाद एक ऑटोमेटिक टूल द्वारा की गई है। इस अवधि में 316 अकाउंट ऐसे ब्लॉक हुए हैं जिन्हें लेकर यूजर्स ने शिकायतें की है और 73 अकाउंट ऐसे हैं जिन्हें पूरी तरह से बैन किया गया है। इन अकाउंट्स पर यह कार्रवाई 46 दिनों में की गई है। इन 46 दिनों में 594 शिकायतें यूजर्स की ओर से मिली हैं जिनमें 316 अकाउंट को बैन करने की मांग की गई है। अन्य अकाउंट की शिकायतें सुरक्षा कारणों को लेकर मिली हैं। व्हाट्सएप का कहना है कि उसके बाद अब्यूज डिटेक्शन को लेकर ऑटोमेटिक टूल है। यदि आपके पास भी किसी अकाउंट को लेकर शिकायत है तो आप wa@support.whatsapp.com पर ई-मेल कर सकते हैं या फिर एप से ही किसी अकाउंट को ब्लॉक या रिपोर्ट कर सकते हैं। वहीं फेसबुक ने कहा है कि नए आईटी कानून के तहत उसने 33.3 मिलियन कंटेंट को लेकर कार्रवाई की है। यह कार्रवाई 16 जून से लेकर 31 जुलाई के बीच हुई है। वहीं इंस्टाग्राम ने 2.8 मिलियन अकाउंट पर कार्रवाई की है।

## सीएम ने माना 17 जिलों में सूखे का संकट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को भोपाल के मिंटो हाल में 1500 मेगावाट क्षमता के आगर, शाजापुर, नीमच सौर पार्क को लेटर आफ अवार्ड का वितरण किया। सीएम शिवराज ने कहा कि मध्य प्रदेश में आज मैं एक दूसरे संकट का सामना मैं कर रहा हूं। वह है सूखे का संकट। हमारे 17 जिले कम वर्षा के कारण सूखे से प्रभावित हैं। हालत यह है कि सूखा घोषित करूं या नहीं। सीएम ने कहा कि बिजली आज की जरूरत है। लेकिन थर्मल पावर प्लांट्स कार्बन गैसों का उत्सर्जन करते हैं। कोल माइंस ओपन करने के लिए पेड़ काटे जाते हैं। कोयला भी सीमित है। इसका सबसे आदर्श तरीका है सूरज से बिजली लेना। यह अक्षय ऊर्जा है, जो कभी खत्म नहीं होगी।